प्रेषक,

रघुवंश मणि सिंह
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
कोर्ट सं०- 1
उन्नाव

सेवा में,

उप निबन्धक (एडमिन मिस०-1)
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश
उन्नाव

विषय- पत्रांक सं० 871/IV- 4030/Admin(A-4) दिनांकित 25.01.2022 व पत्रांक सं० 16243/IV-4030/Admin(A-4) दिनांकित इलाहाबाद 12.11.2018 के अनुपालन में नियुक्ति दिनांक 26.07.2013, वित्तीय वर्ष 2013-2014, 2014-2015, 2015-2016 तथा 2016-2017 का पुनरीक्षित संपत्ति के विवरण के संबंध में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि मेरे द्वारा नियुक्ति दिनांक को धारित व वित्तीय वर्ष 2013-2014, 2014-2015, 2015-2016 तथा 2016-2017 को धारित चल व अचल संपत्ति का विवरण माननीय महोदय को ऑफलाइन प्रेषित किया गया था। पत्रांक सं० 871/IV- 4030/Admin(A-4) दिनांकित 25.01.2022 व पत्रांक सं० 16243/IV- 4030/Admin(A-4) दिनांकित इलाहाबाद 12.11.2018 के माध्यम से माननीय महोदय द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष की CPF, GIS,Income Tax, PPF की कटौतियों तथा लोन और उसकी EMI, SBI A/C के Balance के विवरण के साथ नियुक्ति दिनांक, व वित्तीय वर्ष 2013-2014, 2014-2015, 2015-2016 तथा 2016-2017 का पुनरीक्षित सम्पत्ति विवरण प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। तथा विलंब के संबंध में आख्या आहूत की गयी है।

उपरोक्त के संबंध में सादर निवेदन है कि मेरे पिताजी को हृदय रोग संबंधी बीमारी सन् 2012 से है। सन् 2019 में मेरे पिताजी का अचानक स्वास्थ्य खराब हो जाने तथा हृदय में कुछ परेशानियां उत्पन्न होने के कारण मैं उनके इलाज व देखभाल में व्यस्त रहा। उसके उपरान्त सितंबर 2022 से सितंबर 2023 तक मेरी पत्नी कविता अग्रवाल (वर्तमान सिविल जज सी०डि०) के गर्भावस्था में परेशानियां उत्पन्न होने के कारण लगातार उसका इलाज चलता रहा तथा वह इस दौरान लगातार अवकाश पर रही। उपरोक्त कारणों से इस दौरान मैं शारीरिक व मानसिक रुप से काफी परेशान व पीड़ाग्रस्त रहा।

इस प्रकार उपरोक्त वर्षों की चल अचल संपत्ति का पुनरीक्षित विवरण प्रेषित किये जाने में विलंब प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण हुआ है। उक्त विलंब मेरे द्वारा जानबूझकर नहीं किया गया है। अतः मेरे साथ उत्पन्न हुई उक्त प्रतिकूल परिस्थितियों का सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए जो विलंब हुआ है, उसे क्षमा करने की कृपा करें। मेरे द्वारा नियुक्ति दिनांक को धारित व वित्तीय वर्ष 2013-

2014, 2014-2015, 2015-2016 तथा 2016-2017 तक की चल अचल संपत्ति का पुनरीक्षित विवरण माननीय महोदय के समक्ष प्रेषित किया जा रहा है, जिसे स्वीकार करने की कृपा करें। मेरे द्वारा भविष्य में चल अचल संपत्ति का विवरण समय से माननीय महोदय की सेवा में प्रेषित किया जाता रहेगा।

दिनांक- 21.12.2023

भवदीय,

21.12.2023

रघुवंश मणि सिंह
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
कोर्ट सं० 1, उन्नाव